06/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस से बात की और उन्हें उनके ऐतिहासिक दूसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी। अपनी बातचीत के दौरान, प्रधानमंत्रियों ने दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि अपने पांच वर्षों में, व्यापक रणनीतिक साझेदारी ने विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत सहयोग विकसित किया है। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में जीवंत भारतीय मूल के प्रवासियों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और एक स्वतंत्र, खुले, स्थिर, नियम-आधारित और समृद्ध हिंद-प्रशांत को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

0000000000000000000

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों से नागरिक सुरक्षा तैयारियों का मूल्यांकन करने के लिए कल मॉक ड्रिल आयोजित करने निर्देश जारी किय है। इसके तहत 244 वर्गीकृत जिलों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास एवं पूर्वाभ्यास आयोजित करने का निर्णय लिया गया है और इस अभ्यास के संचालन की योजना गांव स्तर तक बनाई गई है। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन भी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल पर बैठक करने वाले हैं। इस अभ्यास का उद्देश्य सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नागरिक सुरक्षा तंत्र की तैयारी का आकलन करना एवं बढ़ावा देना है।

इसका प्राथमिक उद्देश्य हवाई हमले की चेतावनी प्रणाली की प्रभावशीलता का आकलन करना, भारतीय वायु सेना के साथ हॉटलाइन या रेडियो संचार लिंक का संचालन करना और साथ ही नियंत्रण कक्षों की कार्यक्षमता का परीक्षण करना है। इस अभ्यास में शत्रुतापूर्ण हमले की स्थिति में खुद को बचाने के लिए नागरिक सुरक्षा पहलुओं पर नागरिकों और छात्रों को प्रशिक्षण देना भी शामिल किया गया है।

0000000000000000000

स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत वेस्ट कामेंग जिले के दिरांग में पूर्वोत्तर का पहला **जियोथर्मल प्रोडक्शन वेल** को सफलतापूर्वक खोद लिया गया है। सोशल मीडिया पोस्ट में इस जानकारी को साझा करते हुए, उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कहा कि, इस सफलता से स्पेस हीटिंग, फ़ूड ड्रायींग और क्लाइमेट कंट्रोल स्टोरेज जैसे पर्यावरण-अनुकूल समाधानों के माध्यम से ऊंचाई वाले इलाकों में खेती करने वाले ग्रामीण समुदायों को सीधे लाभ होगा। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए **सेंटर फॉर अर्थ साइंसेज एंड हिमालयन स्टडीज, नॉर्वेजियन जियोटेक्निकल इंस्टीट्यूट, आइसलैंड स्थित फर्म जियोट्रॉपी और गुवाहाटी बोरिंग सर्विस** की टीम को बधाई दी है।

0000000000000000000

लोंगडिंग जिले के मत्स्य विभाग ने कल कनुबारी के रांगलुआ क्षेत्र में तेवाई और तारू नदियों में मत्सय पालन कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल शुरुआत मत्स्य पालन मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू द्वारा किया गया। कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए, श्री वांगसू ने नदी को संरक्षित करने में सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर जोर दिया।

कार्यक्रम में असम के लखीमपुर से लाए गए 90,000 फिंगरलिंग्स को उचित कंडीशनिंग के बाद दोनों नदियों में छोड़ा गया।

00000000000000000000

कल डी.के. कन्वेंशन सेंटर, ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश के सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के संकाय सदस्यों के लिए 21वीं सदी के रोजगार कौशल पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन कौशल विकास एवं उद्यमिता निदेशक सिबो पासिंग द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संकाय सदस्यों को आवश्यक उपकरणों और पद्धतियों से लैस करना है, ताकि प्रशिक्षुओं को महत्वपूर्ण कौशल प्रभावी ढंग से प्रदान किए जा सकें, जिससे आधुनिक कार्यबल के लिए उनकी उत्सुकता और बढ़ सके। यह कार्यक्रम कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग द्वारा वाधवानी फाउंडेशन के सहयोग से शुरू किया जा रहा है, ताकि राज्य के युवाओं को कौशल प्रदान किया जा सके।

00000000000000000000

एक त्वरित कार्रवाई के तहत ईटानगर महिला पुलिस द्वारा नाहरलागुन में एक नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न करने के आरोपी 26 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी को चांगलांग में आयोजित एक समारोह से गिरफ्तार कर POCSO अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार शिकायतकर्ता और पीड़ितों के बयान भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 180 के तहत दर्ज किए गए हैं और विभाग के अधिकारियों ने यूपिया में विशेष न्यायाधीश (POCSO) के समक्ष धारा एक सौ तिरासी BNSS के तहत अतिरिक्त बयान दर्ज करने की अनुमति की मांग की है।

00000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के तवांग, वेस्ट कामेंग, पाके केसांग, पापुम पारे, कामले, अपर सुबनसिरी, लोअर सियांग, लेपा रादा, वेस्ट सियांग, ईस्ट सियांग, लोहित और तिराप जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने की संभवना है। इसके अतिरिक्त, 7 से 10 मई तक बरीश में वृद्धि होने का अनुमान भी लगाया गया है।

000000000000000

संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने आज वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी में संयुक्त राष्ट्र वेसाक दिवस के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। श्री रिजिजू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं और संदेश दिए। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध की कालातीत शिक्षाएं वर्तमान की कई वैश्विक चुनौतियों के लिए गहन अंतर्दृष्टि और समाधान प्रदान करती हैं। यह सब बौद्ध दर्शन में गहराई से निहित है।

0000000000000000